कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.01.2025

विषयः- थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त असलम गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के कुल 05 अदद जरी के बण्डल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-11/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त असलम पुत्र स्व0 सिद्दीक निवासी बेलाल के मकान पर किराये पर धमरिया थाना लोहता वाराणसी को आज दिनांक-17.01.2025 को समय करीब 12.36 बजे लल्लन सिंह के बगीचे विशुनपुर थाना लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के कुल 05 अदद जरी के बण्डल (साड़ी बनाने वाला धागा) बरामद हुए। उक्त गिरफ़्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-16.01.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिनांक-14.01.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी के घर से एक रेशम व चार जरी का बण्डल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-0011/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 अनुज कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त असलम ने पूछताछ करने पर बताया कि यह जरी मैंने हरपालपुर कन्हई सराय से 02 दिन पहले चुराया था जिसको मैं आज बेचने के लिए किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा था क्योंकि मुझे रुपयों की आवश्यकता थी। पकड़े जाने के डर से मैं भाग रहा था लेकिन तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

असलम पुत्र स्व0 सिद्दीक निवासी बेलाल के मकान पर किराये पर धमरिया थाना लोहता वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ़्तारी का स्थान, दिनांक व समय- लल्लन सिंह के बगीचे विशुनपुर थाना लोहता वाराणसी से, दिनांक- 17.01.2025 को समय करीब 12.36 बजे।

बरामदगी का विवरण- कुल 05 अदद जरी के बण्डल (साड़ी बनाने वाला धागा) बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-11/2025 धारा 305,317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज कुमार थाना लोहता वाराणसी।
3. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता वाराणसी।
4. का0 अजीत कुमार थाना लोहता वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।